प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज महाकुम्भ में त्रिवेणी में लगाई डुबकी : देशवासियों के सुख–समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की।
2. केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने आज संगम में स्नान कर श्रद्धालुओं से की अपील : कहा– मेला प्राधिकरण के दिशा–निर्देशों का करें पालन।
3. अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर आज सकुशल सम्पन्न हुआ उपचुनाव : शाम पांच बजे तक दर्ज किया गया 65 प्रतिशत से अधिक मतदान।

और

4. नोएडा में बनने वाली फिल्म सिटी के लेआउट को मिली मंजूरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे शिलान्यास।

——————————

प्रधानमंत्री–महाकुंभ स्नान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज महाकुम्भ में त्रिवेणी के पावन संगम में स्नान किया। संगम स्नान के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला। उन्होंने लिखा कि मां गंगा से सभी देशवासियों के सुख–समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की

कामना की। आज सुबह प्रधानमंत्री प्रयागराज पहुंचे जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री अरैल घाट से विशेष बोट पर त्रिवेणी संगम पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी भी उनके साथ थे। प्रधानमंत्रो ने मुख्यमंत्री से महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। पेश है एक रिपोर्ट......

*वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना की और भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। प्रधानमंत्री ने त्रिवेणी में अक्षत, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की और तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। पूजन अर्चन के बाद श्री मोदी, मुख्यमंत्री के साथ वापस हैलीपैड की ओर रवाना हो गए। प्रधानमंत्री के संगम स्नान के दौरान भी श्रद्धालुओं का स्नान जारी रहा।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुम्भ की शुरुआत से एक महीने पहले भी प्रयागराज का दौरा किया था और प्रयागराज को 5500 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी। इन परियोजनाओं का उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए महाकुम्भ के अनुभव को यादगार बनाना और तीर्थराज प्रयागराज को प्रगति की नई दिशा देना है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी आज महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाई। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने सभी श्रृद्धालुओं से मेला प्राधिकरण के दिशा–निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने

कहा कि महाकुंभ में आने वालों की कुल संख्या अभूतपूर्व और अकल्पनीय है।

—————————

महाकुंभ में आज शाम 6 बजे तक 65 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। अब तक संगम में स्नान करने वालों की संख्या 38 करोड़ के ऊपर पहुंच चुकी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने जगह जगह पर पर्यटन सूचना केन्द्र बनाए हैं। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या के मद्देनजर पर्यटन विभाग ने प्रयागराज को धार्मिक पर्यटन स्थल के रुप में भी विकसित किया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*देश विदेश से महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं की सहायता के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने मेला क्षेत्र और प्रयागराज शहर में 10 पर्यटन सूचना केंद्र बनाए हैं। आकाशवाणी से बातचीत में प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि इन केंद्रों पर श्रद्धालुओं की मदद के लिए गाइड और पर्यटक पुलिस मौजूद हैं। बाइट....*

*हम लोगों ने पर्यटन सूचना केंद्रों को अलग–अलग जगह बनवाया है कुछ हमारे रेलवे स्टेशन पर है कुछ मेला एरिया के अंतर्गत है जिस पर हमारा एक गाइड बैठता है हमारे दो जो है पर्यटन पुलिस बैठते हैं और मेला में आने वाले जो भी हमारे पर्यटक हैं उनको सभी प्रकार की सूचना देते हैं।*

*पर्यटन विभाग ने इसके साथ ही प्रयागराज शहर और महाकुंभ मेला के धार्मिक स्थलों को धार्मिक पर्यटन स्थलों के रुप में भी विकसित किया गया है। महाकुंभ आने वाले श्रद्धालु संगम स्नान के बाद प्रयागराज के इन स्थलों का भ्रमण भी कर रहेहैं और इससे पर्यटन राजस्व में भी वृद्धि हो रही है। राघवेंद्र त्रिपाठी, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

—————————

वाराणसी नगर क्षेत्र में जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी स्कूलों की छुट्टियां 8 फरवरी तक बढ़ा दी गई हैं। ये निर्णय बसंत पंचमी के बाद महाकुंभ से लौटने वाली भीड़ और वाराणसी में विभिन्न अखाड़ों के आगमन को लेकर लिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अरविंद कुमार पाठक ने आदेश जारी कर स्कूलों में पहले की तरह ही ऑनलाइन क्लास चलाने का निर्देश दिया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल सामान्य रूप से खुलेंगे।

—————————

मौसम में बदलाव और महाकुंभ के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन का कल से समय बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा एनआरआई श्रद्धालुओं को अपने पासपार्ट से सीधे काउंटर से दर्शन पास बनवाने की सुविधा भी शुरू की गई है। राममंदिर न्यास के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने इस बारे में जानकारी दी। बाइट.....

*आप प्रातकाल दर्शन 6:00 बजे प्रारंभ होगा रात्रि में 10:00 बजे चयन आरती होगी अगर 9:30 बजे प्रवेश के बाद श्रद्धालुओं को सभी को दर्शन देने के बाद ही पट बंद होगा वह 10:30 बज सकता है जो भी समय लगे लेकिन प्रवेश करने के वाले सभी श्रद्धालुओं को दर्शन की व्यवस्था सुग्रीव किला से 9:30 बजे तक प्रवेश होगा यह कार्यक्रम 6 तारीख से प्रारंभ होगा*

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर आज उपचुनाव सकुशल सम्पन्न हो गया। शाम पांच बजे तक 65 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। इस उपचुनाव में भाजपा के चंद्रभानु पासवान, सपा के अजीत प्रसाद और आजाद समाज पार्टी के संतोष कुमार समेत 10 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*कड़ी सुरक्षा के बीच 414 मतदान केंद्रों पर आज सुबह सात बजे से शुरू हुई मतदान की प्रक्रिया शाम पांच बजे तक चली। सुबह से ही सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लम्बी कतारें देखने को मिली। कहीं कहीं वृद्ध लोगों को परिवार के लोग कंधे पर लाते दिखे, तो कहीं युवकों की टोली मतदान करने पहुंची। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 3 लाख 70 हजार मतदाता हैं। चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 210 मतदेय स्थलों की वेब कास्टिंग और 25 मत देय स्थलों की वीडियोग्राफी की गई। वहीं 71 मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर लगाए गए। उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे।*

*तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

वहीं दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों और तमिलनाडू की इरोड पूर्व विधानसभा सीट पर उप–चुनाव

के लिए भी आज वोट डाले गए। इन सभी सीटों के लिए मतगणना 8 फरवरी को होगी।

————————

फिल्म निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ग्रेटर नोएडा में बनने वाली फिल्म सिटी प्रोजेक्ट के लेआउट को मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना के तहत पांच विभिन्न प्रकार के लेआउट को स्वीकृति दी गई है, जिनमें कमर्शियल, बैकलोड, ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, ग्रीनरी और विला शामिल हैं।, यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी के पहले चरण के लिए 230 एकड़ जमीन का पजेशन जल्द ही दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिल्म सिटी का शिलान्यास करेंगे। बाइट.....

*2 से 30 एकड़ जमीन है उसमें सिर्फ 55ः कमर्शियल था 45 इंडस्ट्रियल था लेकिन हमने अब उसको इस तरह से पास किया है कि जिससे पहले फिल्म इंडस्ट्री बने फिल्म इंस्टीट्यूट बने और शूटिंग का काम शुरू हो और शूटिंग से रिलेटेड बने और कमर्शियल बाद में बने इस तरह से हमने प्लानिंग किया है की है आर्टिस्ट उनके रहने के लिए विला बनाए उनके लिए हॉस्पिटल बनाया। इस तरह से पास करेंगे कि जिससे कि हमारा डेवलपमेंट वास्तव फिल्म सिटी का प्रायोरिटी पर हो।*

————————

प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव सांस्कृतिक यात्रा का आज से शुभारंभ हो गया। यह यात्रा सिद्धार्थनगर से प्रारंभ होकर महाराजगंज,

कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी होते हुए 23 फरवरी को पीलीभीत में समाप्त होगी। इस

————————

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में कल योगासन में उत्तर प्रदेश ने आर्टिस्टिक महिला ग्रुप टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता है। इसी के साथ राष्ट्रीय खेलों में योगासन स्पर्धा में प्रदेश एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल कर चुका है। वहीं लखनऊ स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण साइ के क्षेत्रीय केंद्र की वेट लिफ्टर पूर्णिमा पांडे ने रजत पदक हासिल किया है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश के खाते में अब तक 18 पदक आ चुके हैं, जिनमें 6 स्वर्ण, 6 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल है।

————————

आगरा में आज से उत्तर प्रदेश स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्पेशल राष्ट्रीय हैंडबॉल चंपियनशिप का शुभारंभ हो गया है। इस चंपियनशिप में उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान सहित 10 राज्यों की टीमों के करीब 200 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।

————————

पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज से लेकर कल तक बीस से तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलेंगी। मौसम विज्ञान विभाग ने यह पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया है कि आगामी ग्यारह फरवरी तक

मौसम शुष्क बना रहेगा। विभाग के मुताबिक इस समयावधि में सात फरवरी के बाद देर रात और सुबह के समय कहीं कहीं धुंध या हल्के कोहरे का भी प्रभाव बना रहेगा।

(समाप्त)